**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in


GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:14.10.2022**

# AAJ SAMAJ

# नैक पीयर टीम ने किया जेसी बोस विवि का दौरा, सुविधाओं का लिया जायजा

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) की पीयर टीम ने जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद को दूसरे चक्र के लिए पुनः मान्यता के लिए विश्वविद्यालय में 10 से 12 अक्टूबर, 2022 तक दौरा किया। तुमकुर विश्वविद्यालय, तुमकुर (कर्नाटक) के कुलपति डॉ. राजसब अंगादी होन्नूरसाब की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय टीम ने विभिन्न मानदंडों पर विश्वविद्यालय में शैक्षणिक एवं ढांचागत सुविधाओं का अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय को पहली बार 2016 में नैक द्वारा 'ए' ग्रेड मान्यता दी गई थी।

पिछले पांच वर्षों में, विश्वविद्यालय ने मान्यता के लिए निर्धारित मानदंडों में सुधार के लिए बहुत काम किया है। कुलपति प्रो. एसके तोमर ने नैक पीयर टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया और पिछले पांच वर्षों में विश्वविद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। नैक पीयर टीम के अन्य सदस्यों में तेजपुर विश्वविद्यालय, असम के ऊर्जा विभाग में प्रोफेसर डॉ. देबेंद्र बरुआ समन्वयक सदस्य और राष्ट्रसंत तुकड़ो महाराज नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर (महाराष्ट्र) में डीन डॉ. प्रशांत माहेश्वरी, महाराजा कृष्णकुमार सिंह भावनगर विश्वविद्यालय, भावनगर (गुजरात) में डॉ. दिलीपसिंह बराड, वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय, तिरुपति (आंध्र प्रदेश) के पूर्व डीन डॉ. हिमाचलम दशराजू सदस्यों के रूप में शामिल रहे। नैक पीयर टीम ने विश्वविद्यालय प्रशासन में कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डीन और विभिन्न शिक्षण विभागों के प्रमुखों, अनुभागों, शैक्षणिक तथा गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों, छात्रों, अभिभावकों, पूर्व छात्रों, नियोक्ताओं और विभिन्न प्रकोष्ठों और समितियों के साथ बातचीत की।

पीयर टीम ने विश्वविद्यालय के बुनियादी ढांचे का आकलन किया जिसमें क्लासरूम, पुस्तकालय, स्टाफ रूम, छात्रावास, अनुसंधान सुविधाएं, प्रयोगशालाएं, कार्यशाला, सेंटर आफ एक्सीलेंस, इंक्यूबेशन सेंटर, रोजगार और प्रशिक्षण कार्यालय, चिकित्सा केंद्र और गेस्ट हाउस शामिल हैं। डीन स्टूडेंट वेलफेयर के कार्यालय द्वारा एक सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया जहां विभिन्न क्लबों के छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुति दी, जिसे सभी ने खूब सराहा। प्रो. मुनीश वशिष्ठ और प्रो. आशुतोष दीक्षित ने बताया कि नैक पीयर टीम के दौरे को सुविधाजनक बनाने के लिए उनकी आवश्यकता अनुसार सभी जरूरी प्रबंध किए गए। तीन दिवसीय यात्रा का समापन 12 अक्टूबर, 2022 को एग्जिट मीटिंग के साथ हुआ, जहां नैक पीयर टीम के अध्यक्ष ने विश्वविद्यालय के अवलोकन को लेकर अपना पक्ष प्रस्तुत किया और आशा व्यक्त की कि नैक टीम की सिफारिश के कार्यान्वयन के साथ, विश्वविद्यालय आगामी वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने में सक्षम होगा। इससे पहले एग्जिट मीटिंग में कुलपति ने नैक पीयर टीम के सदस्यों का स्वागत किया। अंत में नैक पीयर टीम के अध्यक्ष ने विश्वविद्यालय को लेकर रिपोर्ट कुलपति को सौंपी।



समूह चित्र में कुलपति एवं विश्वविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्यों के साथ नैक पीयर टीम के सदस्य।

**NEWS CLIPPING:14.10.2022**

# PIONEER

# नैक पीयर टीम ने किया जेसी बोस का दौरा

## दूसरे चक्र की पुनः मान्यता के लिए विश्वविद्यालय में सुविधाओं का लिया जायजा



जेसी बोस विश्व विद्यालय का अवलोकन करती नैक पीयर टीम के सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**राष्ट्रीय** मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) की पीयर टीम ने जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद को दूसरे चक्र के लिए पुन: मान्यता के लिए विश्वविद्यालय में 10 से 12 अक्टूबर, 2022 तक दौरा किया।

तुमकुर विश्वविद्यालय, तुमकुर (कर्नाटक) के कुलपति डॉ. राजसब अंगादी होन्नूरसाब की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय टीम ने विभिन्न मानदंडों पर विवि में शैक्षणिक एवं ढांचागत सुविधाओं का अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय को पहली बार 2016 में नैक द्वारा 'ए' ग्रेड मान्यता दी गई थी। पिछले पांच वर्षों में, विश्वविद्यालय ने मान्यता के लिए निर्धारित मानदंडों में सुधार के लिए बहुत काम किया है। कुलपति प्रो. एस.के. तोमर ने नैक पीयर टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया और पिछले पांच वर्षों में विश्वविद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। नैक पीयर टीम के अन्य सदस्यों में तेजपुर विवि, असम के ऊर्जा विभाग में प्रोफेसर डॉ. देवेंद्र बरुआ समन्वयक सदस्य, और राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर (महाराष्ट्र) में डीन डॉ. प्रशांत माहेश्वरी, महाराजा कृष्ण कुमार सिंहजी भावनगर विवि, भावनगर (गुजरात) में डॉ. दिलीपसिंह बराड, श्रीवेंकटेश्वर विवि, तिरुपति (आंध्र प्रदेश) के पूर्व डीन डॉ. हिमाचलम दशराजू सदस्यों के रूप में शामिल रहे। नैक पीयर टीम ने विवि प्रशासन में कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग, डीन और विभिन्न शिक्षण विभागों के प्रमुखों, अनुभागों, शैक्षणिक तथा गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों, छात्रों, अभिभावकों, पूर्व छात्रों, नियोक्ताओं और विभिन्न प्रकोष्ठों और समितियों के साथ बातचीत की।

पीयर टीम ने विवि के बुनियादी ढांचे का आकलन किया जिसमें क्लासरूम, पुस्तकालय, स्टाफ रूम, छात्रावास, अनुसंधान सुविधाएं, प्रयोगशालाएं, कार्यशाला, सेंटर आफ एक्सीलेंस, इंक्यूबेशन सेंटर, रोजगार और प्रशिक्षण कार्यालय, चिकित्सा केंद्र और गेस्ट हाउस शामिल हैं। डीन स्टूडेंट वेलफेयर के कार्यालय द्वारा एक सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया जहां विभिन्न क्लबों के छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुति दी, जिसे सभी ने खूब सराहा।

**NEWS CLIPPING:14.10.2022**

# DAINIK JAGRAN

# नैक की टीम ने जेसी बोस यूनिवर्सिटी का किया दौरा



नैक पीयर टीम में शामिल डा.देबेंद्र बरुआ (मध्य में) छात्रों से जानकारी जुटाते हुए। साथ में जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो.एसके तोमर (बाएं), कुलसचिव डा.एसके गर्ग (दाएं)व अन्य ● सौ.यूनिवर्सिटी पीआरओ

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद :** राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) की पीयर टीम ने जेसी बोस विश्वविद्यालय का दौरा किया। कर्नाटक स्थित तुमकुर विश्वविद्यालय के कुलपति डा.राजसब अंगादी होन्नूरसाब की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय टीम ने विभिन्न मानदंडों पर विश्वविद्यालय में शैक्षणिक एवं ढांचागत सुविधाओं का अवलोकन किया। कुलपति प्रो. एसके तोमर ने नैक पीयर टीम का स्वागत किया और पिछले पांच वर्षों में विश्वविद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। नैक पीयर टीम के अन्य सदस्यों में तेजपुर विश्वविद्यालय असम के ऊर्जा विभाग में प्रोफेसर डा.देबेंद्र बरुआ समन्वयक सदस्य और राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय नागपुर महाराष्ट्र के डीन डा.प्रशांत माहेश्वरी, महाराजा कृष्ण कुमार सिंह जी भावनगर विश्वविद्यालय गुजरात के डा.दिलीप सिंह बराड, श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय, तिरुपति आंध्र प्रदेश के पूर्व डीन डा.हिमाचलम दशराजू सदस्यों के रूप में शामिल रहे। नैक टीम ने जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डा.एसके गर्ग, डीन और विभिन्न शिक्षण विभागों के प्रमुखों, अनुभागों, शैक्षणिक तथा गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों, छात्रों, अभिभावकों, पूर्व छात्रों, नियोक्ताओं और विभिन्न प्रकोष्ठों और समितियों के साथ बातचीत की।

**NEWS CLIPPING:14.10.2022**

# HINDUSTAN

# नैक ने विश्वविद्यालय की सुविधाएं परखीं

**निरीक्षण**



फरीदाबाद स्थित जेसी बोस यूनिवर्सिटी में गुरुवार को विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट का नैक पीयर टीम के सदस्यों ने अवलोकन किया। • हिन्दुस्तान

**फरीदाबाद, कार्यालय संवाददाता।** राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) से आई टीम ने गुरुवार को जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए का दौरा किया।

तुमकुर विश्वविद्यालय, कर्नाटक के कुलपति डॉ. राजसब अंगादी होन्नूरसाब की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय टीम ने विभिन्न मानदंडों पर विश्वविद्यालय में शैक्षणिक और ढांचागत सुविधाओं का अवलोकन किया। कुलपति प्रो. एसके तोमर ने टीम का स्वागत किया। मौके पर पिछले पांच सालों में विश्वविद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों पर एक विस्तृत रिपोर्ट भी पेश की। टीम ने तेजपुर विश्वविद्यालय असम से प्रोफेसर डॉ. देबेंद्र बरुआ, राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय के डीन डॉ. प्रशांत माहेश्वरी, महाराजा कृष्ण कुमार सिंह जी भावनगर विश्वविद्यालय भावनगर से डॉ. दिलीप सिंह बराड़, श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय, तिरुपति आंध्र प्रदेश के पूर्व डीन डॉ. हिमाचलम दशराजू शामिल रहे। टीम ने विश्वविद्यालय के बुनियादी ढांचे का आकलन किया। दौरे के समापन पर नैक टीम के अध्यक्ष ने विश्वविद्यालय को लेकर रिपोर्ट कुलपति को सौंपी।